INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VII (2nd Lang)	**Department: Hindi**	**Date of submission:**
Questions & Answers	**Topic: एक तिनका**	**Note: Pls. write in your Hindi note book**

अति लघु प्रश्न

1 तिनका कहाँ से उड़ कर आया था?

उत्तर – तिनका बहुत दूर से उड़ कर आया था।

2 तिनका कहाँ आ गिरा?

उत्तर - तिनका कवि की आँख में आ गिरा।

प्रश्न-3 कवि पर किसने व्यंग किया?

उत्तर – कवि पर समझ ने व्यंग किया।

प्रश्न-4 कविता का अन्य शीर्षक सोच कर लिखें।

उत्तर – शीर्षक - घमंड का परिणाम , मनुष्य की हैसियत

प्रश्न-5 कवि घमंड में ऐंठा हुआ कहाँ खड़ा था?

उत्तर - कवि घमंड में ऐंठा हुआ मुंडेर (छत) पर खड़ा था।

प्रश्न-6 'एक तिनका' के रचयिता कौन हैं?

उत्तर – 'एक तिनका' के रचयिता अयोध्या सिंह उपाध्याय ' हरिऔध ' जी हैं।

प्रश्न-7 कवि अपने बारे में क्या सोचता था?

उत्तर – कवि सोचता था कि उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

प्रश्न-8 कवि छत पर किस भाव में खड़ा था?

उत्तर – कवि छत पर घमंड से भरे हुए भाव में खड़ा था।

प्रश्न-9 कवि बेचैन क्यों हो गया था?

उत्तर - कवि आँख में तिनका जाने के कारण बेचैन हो गया था।

प्रश्न-10 कवि की बेचैनी का कारण क्या था?

उत्तर - कवि की बेचैनी का कारण उसकी आँख में गिरा हुआ तिनका था।

प्रश्न-11 लोगों ने कवि की आँख से तिनका कैसे निकाला?

उत्तर – लोगों ने कवि की आँख से तिनका कपड़े की मूँठ बनाकर निकाला।

लघु प्रश्न

प्रश्न-1 तिनके से कवि की क्या हालत हो गई?

या

प्रश्न-1 आँख में तिनका पड़ने के बाद घमंडी की क्या दशा हुई?

उत्तर – कवि की आँख में तिनका जैसे ही गया वह बहुत बेचैन हो गया। उसकी आँख लाल हो गई और दुखने लगी। वह दर्द से कराह रहा था पर कुछ कर नहीं पा रहा था।

प्रश्न-2 घमंडी की आँख से तिनका निकालने के लिए उसके आसपास लोगों ने क्या किया ?

उत्तर – घमंडी की आँख से तिनका निकालने के लिए उसके आसपास के लोगों ने कपड़े की मूँठ बनाकर तिनके को निकालने का प्रयत्न किया।

प्रश्न-3 ऐंठ और समझ में क्या अंतर है?

ऐंठ - अकड़कर चलती है | घमंड से भरी होती है | रूखे स्वर में बात करती है | किसी को कुछ नहीं समझती है | उसे किसी बात की परवाह नहीं होती है |

समझ - समझ शांत स्वभाव की होती है | उसका व्यवहार नम्र , विनीत तथा सरल होता है | वह सब का आदर करती है | उसकी बातों में समझदारी होती है |

दीर्घ प्रश्न

प्रश्न-1 तिनकेवाली घटना से कवि को क्या शिक्षा मिली?

उत्तर – तिनकेवाली घटना से कवि को यह शिक्षा मिली कि मनुष्य को कभी भी घमंड नहीं करना चाहिए। एक छोटा तिनका भी कष्ट का कारण बन सकता है और हमारे घमंड को चूर कर सकता है।

प्रश्न-2 कवि की सारी अकड़ क्यों भाग गई?

उत्तर - कवि की सारी अकड़ आँख में तिनका गिरने से भाग गई। उसे घमंड था कि उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता परन्तु एक तिनके ने उसकी हालत बुरी कर दी और उसे तिनका निकालने के लिए दूसरों की मदद लेनी पड़ी।

प्रश्न-3 'एक तिनका' कविता में किस घटना की चर्चा की गई है, जिससे घमंड नहीं करने का संदेश मिलता है?

उत्तर - 'एक तिनका' कविता में घमंड से भरे कवि की आँखों में पड़ा हुआ तिनका उसे बेचैन कर देता है, जिससे उसका सारा घमंड चूर-चूर हो जाता है | किसी तरह लोग कपड़े की नोक से उसकी आँख में पड़ा तिनका निकालते हैं तो कवि सोच में पड़ जाता है कि आखिरकार उसे आज तक किस बात का घमंड था | जो एक तिनके तिनके ने तोड़ कर रख दिया है |

इस घटना के माध्यम से कवि ने संदेश दिया है कि हमें स्वयं पर कभी भी घमंड नहीं करना चाहिए। एक तुच्छ व्यक्ति या वस्तु भी हमारी परेशानी का कारण बन सकता है|

हर वस्तु का अपना महत्व होता है।

व्याकरण भाग -

प्रश्न 1 - दिए गए शब्दों के दो-दो अनेकार्थी शब्द लिखिए |

1. अंबर - कपड़ा , आकाश
2. अमृत - दूध , जल
3. उपचार - उपाय , इलाज
4. कनक - गेहूँ , सोना (Gold) या सो जाना
5. तीर - किनारा , बाण
6. पतंग - सूर्य , पक्षी

प्रश्न 2 - नीचे लिखे वाक्यों में उचित कारक चिहन भरिए |

(नोट - बच्चो! ये आपने नोट बुक में लिखने हैं | जो आपको वर्कशीट में पहले ही Google room में भेज दिए गए हैं |